-:प्रेस नोट दिनांक 20-12-2020:-

सराहनीय कार्य थाना उझानी

सर्विलांस/एसओजी/थाना उझानी की संयुक्त टीम द्वारा दिनांक 14/15.12.2020 की रात्रि मे दम्पत्ती की हत्या कर शव जलाने की घटना का किया गया सफल अनावरण, घटना मे शामिल मृतक दम्पत्ती के पुत्र गिरफ्तार ।

दिनांक 15.12.2020 समय 22.20 बजे थाना उझानी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम संजरपुर गुलाल निवासी एक दम्पत्ती राजेन्द्र पुत्र रघुवीर एवं पत्नी राजवती नि0गण संजरपुर गुलाल की हत्या कर शवों को उनके घरों में जलाये जाने की घटना के सम्बन्ध में थाना उझानी पर सूचना प्राप्त हुई थी । सूचना पर तत्काल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूं संकल्प शर्मा द्वारा रात्रि में पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी उझानी एवं फील्ड यूनिट, स्वाट/सर्विलांस टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के त्वरित खुलासे हेतु निर्देश दिये गये थे । इस सम्बन्ध में दिनांक 19.12.20 को थाना उझानी पर मु0अ0सं0 427/20 धारा 302/201 भादवि बनाम 02 अभि0गण 1. विक्रम उर्फ विक्की तथा 2. सुमित पुत्रगण राजेन्द्र सिंह नि0गण ग्राम संजरपुर गुलाल थाना उझानी जनपद बदायूं पंजीकृत किया गया ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूं संकल्प शर्मा के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर प्रवीण सिंह चौहान के पर्यवेक्षण में तीन टीमों का गठन किया गया था । गठित टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी उझानी संजय कुमार रेड्डी के निर्देशन एवं नेतृत्व में सुरागरसी पतारसी के दैरान दम्पत्ती द्वारा सम्पत्ति का बंटवारा न करने एवं सम्पत्ति से बेदखल करने सम्बन्धी विवाद के कारण घटना को मृतक दम्पत्ती के पुत्रों 1. विक्रम उर्फ विक्की तथा 2. सुमित पुत्रगण राजेन्द्र सिंह नि0गण ग्राम संजरपुर गुलाल थाना उझानी जनपद बदायूं द्वारा अपने माता-पिता का गला घोंटकर हत्या कर शवों को कमरे में डालकर प्लास्टिक चटाई, कपड़े व रजाई से ढककर जलाकर दिनांक 14/15.12.2020 की मध्य रात्रि समय करीव 11.00 बजे घटना कारित करना ज्ञात हुआ । थाना उझानी पुलिस टीम द्वारा अभि0गण उपरोक्त को दिनांक 19/20.12.2020 की रात्रि समय करीब 02.05 बजे उझानी बदायूं बाईपास तिराहा से नये बस स्टैण्ड आने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभि0गण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जिला कारागार भेजा जा रहा है ।

गिरफ्तार अभि0गण का विवरण-

1. विक्रम उर्फ विक्की तथा
2. सुमित पुत्रगण राजेन्द्र सिंह नि0गण ग्राम संजरपुर गुलाल थाना उझानी जनपद बदायूं ।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम – 1. प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस रामगोपाल शर्मा मय टीम, 2. प्रभारी निरीक्षक एसओजी धीरज सोलंकी मय टीम, 3. प्रभारी निरीक्षक ओमकार सिंह थाना उझानी, 4. उ0नि0 अनिल कुमार, 5. कां0 1907 अरमान, 6. कां0 794 पवन तथा 7. कां0 810 धीरेन्द्र चौधरी थाना उझानी जनपद बदायूं ।

सोशल मीडिया सेल
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
जनपद बदायूं ।